तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 आत्मा का परमात्मा से मिलन कराती है श्रीमद भागवत ...





11 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में ...




# धान खरीदी के लिए बचे दो दिन, अब भी हजारों किसान कतार में

## कृषकों की मांग, धान बेचने समय-सीमा बढ़ाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में बदली व बारिश के बीच समितियों में धान की खरीदी तेजी से चल रही है। इसकी मुख्य वजह धान खरीदी की अंतिम तारीख को अब सिर्फ दो दिन शेष है और करीब बहुत से किसानों को एक बार भी धान बेचने का मौका नहीं मिलना है।

हालांकि खरीदी की लिमिट बढ़ाने के बाद रोजाना 5 से 6 हजार किसान धान बेच पा रहे हैं, लेकिन ऐसे किसानों की तादाद हजारों में है और उनके पंजीकृत रकबा के मुताबिक अभी और धान बेचा जाना है। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बादल छाए रहने और बारिश ने किसानों व अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में चार दिनों के अवकाश के बाद सोमवार से फिर धान खरीदी शुरू हुई है, लेकिन किसानों को धान बेचने के लिए अब केवल 2 दिन का समय रह गया है, ऐसे में धान बेचने के लिए किसानों के बीच आपाधापी की स्थिति बन गई है ।

छाई हुई है, व किसानों ने राज्य सरकार से धान खरीदी की तारीख़ को और बढ़ाने की मांग की है। राज्य शासन द्वारा यदि धान खरीदी की दिन नहीं बढ़ाई गई तो गांव के नारायणपुर सहित-सही क्षेत्र के तेदुभठा, दुधिया, नवागांव, अमलडीहा, दर्री, मोहलईन के हजारों किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे।



### पहले मौसम ने रुलाया फिर लगातार रहा अवकाश

लगातार चार दिनों तक शासकीय अवकाश होने के कारण सोसाइटी में धान खरीदी पूरी तरह चौपट रही, हालांकि कुछ सोसाइटी में परिवहन होता नजर आ रहा है। ऐसे में लागातार छुटी होने में किसानों को अब केवल 2 दिनों तक का समय सोसाइटी में धान बेचने के लिए रह गया है। अब देखना होगा कि महज दो दिनों में सोसाइटी में कितनो किसानों का धान की खरीदी हो पाती है। जिन किसानों ने टोकन ले लिया है, वे अब निर्धारित तिथि में 2 दिनों के भीतर किसी भी प्रकार से अपना धान बेचने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। तो दूसरी और जिन किसानों ने अभी तक धान नहीं बेच पाए हैं, उन किसानों के चेहरे में मायूसी

## खबर संक्षेप

### आज कांग्रेस भवन में बैठक

**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज मंगलवार को दोपहर 1 बजे कांग्रेस भवन में रखी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त बैठक में लोकसभा के आब्जर्वर पदम कोठारी, प्रदेश महामंत्री जीतेन्द्र साहू व तीनों विधानसभा के पूर्व विधायक उपस्थिति रहेंगे । इस बैठक में आगामी लोकसभा के चुनाव के संबंध मे चर्चा एवं रणनीति पर विचार किया जायेगा। श्री पटेल ने जिले सभी कांग्रेस के पदाधिकारी, महासचिव/ उपाध्यक्ष /सचिव /सहसचिव सहित कार्यकारणी के सदस्य, आमंत्रित सदस्य सहित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, महिला कांग्रेस ,युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष को आवश्यक रूप से उपस्थित होने का आवाहन किया है।

### धान खरीदी 15 फरवरी तक की जाए

**साजा।** सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर किसानों के खरीदी किए जा रहे धान की समय सीमा 31 जनवरी तक अंतिम है परंतु अभी भी अत्यधिक किसानों का धान बिकना बाकी है। सेवा सहकारी समिति साजा के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस नेता कृष्णा राठी ने मुख्यमंत्री से धान खरीदी की तिथि को बढ़ाकर 15 फरवरी तक करने की मांग की है। श्री राठी ने कहा कि बीच में लगातार खराब मौसम और बारिश की वजह से धान खरीदी प्रभावित हुआ था और टोकन के लिए किसानों का धान बिक नहीं पाया था। वहीं, शुरुआत में धान खरीदी के लिए समितियों से किसानों को जारी किए जाने वाले टोकन में धान के मात्रा को कम किए जाने के चलते खरीदी केंद्रों को व्यवहारिक रूप से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था, जिसका प्रभाव खरीदी के अंतिम समय में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हजारों किसान जिले में अब तक धान विक्रय नहीं कर पाए हैं और परेशान हो रहे हैं। श्री राठी ने कहा कि अब ऐसे में खरीदी कार्य को मात्र 2 दिवस शेष है और धान विक्रय करने वाले किसानों की संख्या और धान की मात्रा बहुत है, ऐसे में किसान बहुत परेशान हो रहे हैं। किसानों की परेशानी को देखते हुए श्री राठी ने कहा कि सरकार यदि खरीदी की समय सीमा नहीं बढ़ाएगी, तो किसान आंदोलन करने बाध्य होंगे।

### मानसगान में शामिल होने भूपेश को आमंत्रण

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम बिरेतरा में श्री राम नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 9, 10 एवं 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ स्तरीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य की ख्याति प्राप्त मंडलियां शामिल होंगी। कार्यक्रम का समापन 11 फरवरी को होगा। समिति के सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंटकर रामायण सम्मेलन में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया।

### ढाबाडीह पसौद मड़ई दो फरवरी को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम ढाबाडीह पसौद मड़ई मेला का आयोजन 2 फरवरी को किया गया है। प्रतीक ने बताया कि इस उपलक्ष्य में रात्रि में ज्ञान के पूजा नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### किसानों ने 7 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान बेचा

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 161 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 40 हजार 548 किसानों द्वारा कुल 07 लाख 09 हजार 503 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है।

## आयोजन

### कार्यक्रम का किया गया सीधा प्रसारण

# प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कर बच्चों के मन से निकाला डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सोमवार को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों, ब्लॉकों व ग्रामों में सीधा प्रसारण के माध्यम से स्कूली बच्चों को दिखाया गया।

**बेरला : चुनौतियों का करें सामना** इसी क्रम में बेरला स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी व अंग्रेजी विद्यालय में भी बच्चों ने पीएम श्री मोदी को देखा और सुना। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा पर विद्यार्थियों को कई विषयों पर समाधान बताया गया। इससे देश के विद्यार्थियों के साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को परीक्षा के समय अपने आप को कैसे मजबूत बना है यह सीखने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों को कई टिप्स बताये, तो अभिभावकों से भी कहा कि अपने बच्चों पर रखे भरोसा करें। पीएम ने बच्चों को चुनौतियों का सामना करने प्रेरित किया। व्यक्तियों को श्रेष्ठ बनाता है। छात्रों को यह याद रखना चाहिए कि चुनौतियों से ही आप मजबूत होकर उभरेंगे।





### अति उत्साह में न आएं बच्चे

बेमेतरा। बोर्ड एग्जाम को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव को दूर करने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बच्चों से 'परीक्षा पे चर्चा' की। कार्यक्रम के लिए खास तैयारी करते हुए शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बड़ी टी.वी. पर सीधे प्रसारण को दिखाया गया। विधायक, कलेक्टर रणबीर शर्मा भी "परीक्षा पे चर्चा' के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके साथ ज़िला अधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूली बच्चों को तनावमुक्त परीक्षा देने के टिप्स दिये। उन्होंने देश के अलग-अलग राज्यों के स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा तनावमुक्त परीक्षा संबंधी पूछे गये प्रश्नों, जिज्ञासाओं का समाधान कारक जवाब दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि धैर्य रखना, अतिउत्साह में न आना और परीक्षा को एक उत्सव की तरह देखना बहुत जरूरी है।

### परीक्षा में तनाव मुक्त रहें...



बेमेतरा। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बेमेतरा में प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने प्रधानमंत्री के समक्ष परीक्षा पर आधारित अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से रखा। जिनका समाधान प्रधानमन्त्री द्वारा अत्यंत रोचक और विशिष्ट तरीके से प्रस्तुत किया गया। उक्त आयोजन का सीधा प्रसारण संस्था में किया गया। निश्चित रूप से उपस्थित बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों को इस कार्यक्रम से बहुत लाभ होगा। संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जो भी बातें कही गई वे बच्चों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने और उज्ज्वल भविष्य के लिए मददगार सिद्ध होंगी। इस अवसर पर एक हजार से अधिक विद्यार्थी, उनके पालक तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

### डीएवी : लक्ष्य पर रखें ध्यान



**बेमेतरा/दाढ़ी।** दयानंद एन्गलो वैदिक विद्यालय (डीएवी) जांता में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, मां-बाप अपने बच्चों को कोसते रहते हैं कि सिर्फ खेलते रहता है, दूसरे से कंपेयर भी करते हैं। जो मां-बाप सफल नहीं हुए वो परिजन अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड समझ लेते हैं। उन्होंने कहा कि, अर्जुन के पक्षी के आंख वाली कथा सुनते जानते हैं, लेकिन जीवन में नहीं उतारते. परीक्षा के दौरान ध्यान लक्ष्य में होना चाहिए. लिखने की आदत नहीं होने, कम होने का कारण जानते हुए भी नहीं लिख सकते. लगातार लिखने के प्रयास से आपको अपने लिखने का स्पीड का अंदाजा होगा कि कितने समय में कितना लिख सकते हैं तो सवाल कैसे छूटेगा, प्रैक्टिस ही समाधान है।

# मंदबुद्धि नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल की सजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विशेष न्यायाधीश पास्को मधु तिवारी ने शनिवार को दिए एक फैसले में मारो चौकी के ग्राम एरमशाही में एक नाबालिग से दुराचार के आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास व जुर्माने की सजा से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक सतीश वर्मा ने बताया कि 12 अक्टूबर 2023 को पीड़िता की मां ने मारो चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिक बेटी जो कि दिमागी रूप से कमजोर है औऱ कम बात करती है। उनके पति के मृत्यु हो जाने के बाद वह अपने दो बच्चे, देवर के तीन बच्चे एवं सास-ससुर के साथ एक ही मकान में रहते थे। 11 अक्टूबर 2023 की सुबह करीब 07 बजे पीड़ति की मां अपने सास-ससुर के साथ खेत मे निंदाई करने गए हुए थे। घर में बच्चे रुके थे। दोपहर करीब 3 बजे पीड़ति की मां घर पहुंची तो उसके देवर के बेटे ने बताया कि सभी बच्चे नहाने के लिए बांधा तालाब गए थे, पीड़ति घर में अकेली थी।

पीड़ति को अकेला पाकर पड़ोसी कार्तिक साहू पिता महेश साहू 47 वर्ष घर के अंदर प्रवेश कर पीड़ति के साथ दुष्कर्म कर रहा था। तभी उसका देवर का बेटा घर आया औऱ आरोपी को देखा तो आरोपी मौके से भाग गया। परिजनों से पीड़ति से दुष्कर्म की बात पूछी तो उसने स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 450,376,511 एवं धारा 6,8 पास्को एक्ट के तहत अपराध कायम किया था।

# जिले के पांच शिक्षक राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवाचारी गतिविधियां समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह इससे छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक समिट का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ में 28 जनवरी को हुआ। जिसमे पूरे राज्य से लगभग 150 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही चुनिंदा शिक्षकों के कार्यों की प्रस्तुति हुई है। इस कार्यक्रम में बेमेतरा जिले से युवराज सिंह पटेल, योगेश्वरी साहू, पवन कुमार साहू ,रेणुका अग्रवाल एवं सुरेंद्र कुमार पटेल को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मोमेंटो, पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्य परियोजना कार्यालय से सहायक संचालक डॉ. एम. सुधीश, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, रायपुर जिला डी.एम.सी. डीएस पटले, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर से डॉ. एसके जैन, एलके वर्मा एवं डॉ. नवनीता सिंह सहित समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बेमेतरा जिला टीम से ज्योति बनाफर, मंजू साहू, समता सोनी आदि का सतत सहयोग प्राप्त हुआ। मंजू साहू द्वारा विज्ञान विषय को लेकर अपने नवाचार तथा रेणुका अग्रवाल द्वारा रोल प्ले एक प्रविधि को लेकर अपने नवाचार मंच के माध्यम से साझा किया। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित अन्य राज्यों के शिक्षकों को डाक पते पर पुरूस्कार सामग्री पोस्ट की जायेगी।




### कई चरणों में हुआ चयन

समूह प्रमुख एवं जिला टीम ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन 2023 में होना था पर चुनाव के चलते इसे आगे बढ़ाया गया था। इसमें कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ है। सर्वप्रथम इसके लिए गुगल फार्म से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्राप्त किया गया। पूरे देश से 700 से भी ज्यादा नॉमिनेशन प्राप्त हुए, जिसको स्क्रूटनी एवं शॉर्टलिस्ट कर चयन समिति द्वारा संबंधित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया एवं सबंधित से उनके कार्यो के प्रमाण में दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों का उच्च चयन समिति एवं जिला टीम के प्रमाणीकरण के पश्चात चयन सूची जारी किया है। जिसमें ग्राउंड लेवल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हैं और जिनको राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया।

# जीवन में खेलों का विशेष महत्व : आशीष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

बेरला ब्लॉक के ग्राम पंचायत परपोडा में आयोजित स्टार क्लब प्रो कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम परपोडा के कबड्डी मैदान की भव्यता देखते ही बन रहा है ऐसा लग रहा है की यहां राज्यस्तरी की नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। कबड्डी खेल हमारे प्राचीन खेलो में से है इसे गांव से लेकर शहरों तक खेला जाता है। जीवन में खेलों का बहुत महत्व है, जीवन में खेल के प्रति लगाव होना चाहिए, किसी भी परंपरा को चालू करना और उस परंपरा का लगातार निर्वाहन करना दोनों में काफी अंतर है।

### प्रथम पुरस्कार 15 हजार

प्रतियोगिता में विजयी होने टीम को प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय पुरूस्कार 10 हजार, तृतीय पुरस्कार 6 हजार एवं चतुर्थ पुरूस्कार 4 हजार रूपए सहित अन्य पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर संतोषी डोमन साहू सरपंच, प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच, मोतीलाल मारकंडे, गौकरण राजपुत, शंकर साहू, त्रिलोक राजपूत, नीलेश राजपूत, भुवनेश्वर साहू, मनोज साहू, होरी साहू, राजेश चंदेल, सनत निषाद, महेन्द्र साहू, तेजराम साहू, बैतल साहू, दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### सड़क चौड़ीकरण में लेटलतीफी का खामियाजा भुगत रहे लोग

**बालोद।** ग्राम झलमला से शेरपार तक सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने से लेकर अब तक शहरवासियों को कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार नेशनल हाईवे विभाग द्वारा शहरवासियों को हो रही समस्याओं से निजात दिलाने के बजाए, उनकी मुश्किलें बढ़ाई जा रही हैं। शहर में नेशनल हाईवे, सड़क किनारे नाली निर्माण और बिजली पोल शिफ्टिंग का कार्य होना है। कई महीनों से सड़क के किनारे नाली बनाने के लिए खोदाई करके छोड़ दिया गया है। नाली का निर्माण कार्य कब से शुरू किया जाएगा, इसकी भी स्पष्ट जानकारी जिम्मेदार विभाग द्वारा नहीं दी जा रही है।

## 26 जनवरी को ग्राम मुरता में हुआ था कार्यक्रम

# कार्यक्रम में बैठने के लिए नहीं मिली कुर्सी नाराज सभापति ने महिला सरपंच को सुनाई खरी-खोटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

ग्राम मुरता में गणतंत्र दिवस पर महिला एवं बाल विकास की सभापति सहोदरा साहू और मुरता सरपंच हेमंत साहू के बीच जमकर तू-तू, मैं-मैं हो गई। दरअसल पूरा मामला कुर्सी का है।

26 जनवरी के दिन ग्राम पंचायत की ओर से मुख्य कार्यक्रम का आयोजन सेवा केंद्र भवन में किया गया था। सर्वप्रथम नियमानुसार ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद ग्रामीणों को प्रसाद वितरण किया गया। इस बीच जनपद सदस्य सेवा केंद्र भवन के सभाकक्ष में प्रवेश करती है और भीतर बैठने के लिए कुर्सी देखती हैं, पर उन्हें अपने लिए कुर्सी नजर नहीं आया। जबकि सामने गांव के वरिष्ठ नागरिक आराम से बैठे हुए थे। खुद की पूछ परख ना होते देख जनपद सदस्य बीफर गई। उन्होंने औपचारिकता का हवाला देते हुए कार्यक्रम में उपेक्षा का आरोप लगाया। उनके साथ उपसरपंच मोहिनी साहू भी मौजूद थी। उन्हें भी बैठने के लिए कुर्सी नहीं दिया गया। जबकि राष्ट्रीय पर्व में औपचारिकता के नाते जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों को मान-सम्मान दिया जाता है। इसके बावजूद मुरता में उलटी गंगा बहती नजर आ रही है। जनपद सदस्य और उपसरपंच का कहना है कि जनता ने उन्हें भी चुनकर भेजा है, वो भी जनप्रतिनिधि है। सार्वजनिक कार्यक्रमों, मंचों या बैठकों में उन्हें स्थान और सम्मान न देना देवतुल्य उन सभी जनता का अपमान है, जिन्होंने चुनाव में वोट देकर उन्हें जिताया है। वहीं एक जनप्रतिनिधि द्वारा दूसरे जनप्रतिनिधि को सम्मान न देने का मामला चर्चा में है।

गौरतलब है कि ग्राम मुरता नवागढ़ के बड़े पंचायतों में से एक है। यहां की आबादी साढ़े 5 हजार से अधिक है। 20 वार्डों वाले इस पंचायत में उपसरपंच सहित कुल 11 महिला पंच है। जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 से सहोदरा साहू निर्वाचीत हुई है। ऐसे में महिला जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान न देना चिंतनीय है।

### सचिव की भूमिका सवालों में

वहीं इस पूरे वाक्या में ग्राम पंचायत सचिव कुमार घृतलहरे की भूमिका सवालों के घेरे में है। राष्ट्रीय पर्व में पंचायत सचिव होने के नाते सभी जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए उन्हें बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहिए। जबकि उनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया। सचिव के लापरवाही के चलते जनप्रतिनिधियों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है।


हरिभूमि पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

